# पांचवीं उत्तरी क्षेत्रीय सामाजिक विज्ञान कांग्रेस
# मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

आई.सी.एस.एस आर- उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र, नई दिल्ली एवम मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर में पांचवें उत्तरी क्षेत्रीय सामाजिक विज्ञान कांग्रेस का आयोजन दिनांक २४- **२६ फरवरी २०१७ को किया जा रहा है**

कांग्रेस की तारीख : २४- **२६फरवरी** २०१७
स्थान: **मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर**
सार संक्षेप जमा करने की अंतिम तिथि (शब्द सीमा: ३०० पीडीएँफ़ फॉर्मेट में): १६ **नवंबर २०१६**
चयनित सार संक्षेप सूची : **३० नवंबर २०१६**
सम्पूर्ण पेपर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि(शब्द सीमा: ३०००- ५०००): **१५जनवरी, २०१७**

**कांग्रेस के विषयः-**

1. **संसाधन, आधार संरचना तथा सामाजिक विषमताएँ:** यह विषय संसाधानों के गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों ही रूपों में स्थानिक वितरण तथा मूल्यांकन, सतत विकास हेतु आवश्यक आधार संरचना तथा परिणामस्वरूप घटित सामाजिक-आर्थिक विषमता पर केन्द्रित होगा |

2. **सतत विकास, पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन**: इस विषय के अंतर्गत विभिन्न विकास प्रक्रियाओं एवं उनके पर्यावरणीय दुष्प्रभावों पर चर्चा होगी; विकास की प्रक्रिया एवं परिणाम के रूप में जलवायु परिवर्तन; जलवायु परिवर्तन एवं परिवर्तनशील अर्थव्यवस्थाएं आदि पर चर्चा की जाएगी |

3. **जनांकिकीय परिवर्तन तथा ग्रामीण-शहरी सहलग्नता**: यह विषय जनसँख्या वृद्धि एवं वितरण की प्रवृत्तियों तथा प्रारूपों, उभरती चुनौतियों तथा सतत ग्रामीण व शहरी नियोजन पर केन्द्रित है|

4. **आर्थिक नीतियां तथा प्राथमिकताएँ**: इस विषय के तहत आर्थिक नीति निर्माण में सामाजिक-विज्ञान अनुसंधान की विशेषता के रूप में सम्मिलित प्रक्रियाएं तथा वैश्वीकरण के दौर में संघीय संरचना में सम्मिलित कारकों पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा | साथ ही राज्य और बाजार की एक दूसरे के समक्ष सापेक्षिक भूमिकाओं, वैविध्यपूर्ण विकास के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु अधिक रोजगारपरक एवं निम्न

मुद्रास्फीति वाली वृद्धि की रूपरेखा तय करने में मौद्रिक नीति के समक्ष राजकोषीय नीति की प्रभावोत्पादकता पर भी चर्चा सम्मिलित है|

5. **मीडिया, संस्कृति एवं समाज**: जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में मीडिया की भूमिका तथा इसकी संस्कृति व समाज के साथ अन्योन्यक्रिया इस विषय के मुख्य तत्त्व होंगे |

6. **चुनाव, दलगत राजनीति तथा स्थानीय स्वशासन** : यह विषय निम्न पर केन्द्रित होगा : उत्तर-कांग्रेस राजनीति; राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में प्रतिस्पर्धा; ग्रामीण एवं शहरी भारत में स्थानीय स्वशासन संस्थानों की कार्यप्रणाली; औपचारिक एवं अनौपचारिक स्थानीय स्वशासन संस्थानों के मध्य अंतर-क्रिया |

7. **लोकप्रिय लामबंदी, आन्दोलन तथा नागर समाज** : समकालीन समाज में लोग मांग एवं विरोध कई प्रकार से संगठित तथा अभिव्यक्त करते हैं | इस विषय के अन्तर्गत लामबंदी के विभिन्न प्रकारों का परीक्षण किया जायेगा ताकि यह समझा जा सके कि वे कैसे जुड़ते हैं और लोकतान्त्रिक लोकाचारों के निर्माण में कैसे योगदान देते हैं|

8. **भारत एवं विश्व**: इसमें सम्मिलित उप-विषय हैं - बहुपक्षीयता तथा भारतीय विदेश नीति; भारत एवं दक्षिण एशिया; भारत एवं पूर्वी एशिया; भारतीय विदेश नीति में प्रवासी एक तत्त्व के रूप में; भारत एवं पश्चिम; भारतीय विदेश नीति में निरंतरता एवं परिवर्तन |

9. **सामाजिक, सांस्कृतिक तथा धार्मिक पहचान:** यह विषय सामाजिक विभिन्नताओं से उत्पन्न चुनौतियों तथा राज्य व समाज द्वारा इन चुनौतियों का सामना करने हेतु अपनाये गए तौर-तरीकों, बहुसंस्कृतिवाद तथा बहुल समाज से सम्बंधित मुद्दों पर केन्द्रित होगा|

उत्तरी क्षेत्र में राजधानी क्षेत्र दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान से शोधार्थियों की सहभागिता अपेक्षित है। केवल चयनित शोध पत्रों की कांग्रेस में प्रस्तुति होगी. यदि शोध पत्र प्रस्तुतकर्ताओं को अपनी संस्थाओं से यात्रा भत्ता नहीं मिलता है तो उन्हें 3AC रेल किराया भुगतान किया जाएगा. सभी प्रतिभागियों को स्थानीय आतिथ्य प्रदान किया जाएगा।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**

प्रो संजय लोढा
राजनीति विज्ञान विभाग
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
उदयपुर-313 001 (राज)
☎No (ओ): 0294-470918/2471035 (Ext.3290 / 3292)
ई-मेल: fifthcongudr2017@gmail.com
वेबसाइट: www.mlsu.ac.in

प्रो ध्रुव रायना
मानद। निदेशक
ICSSR- उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र,
कमरा नंबर 003, पुराने सी.आर.एसबिल्डिंग,
जवाहर लाल नेहरूविश्वविद्यालय,
नई दिल्ली 110067
☎.No। 011-26741607, 26741610,
ई-मेल: icssrnrc@gmail.com,
वेबसाइट: www.nrc-icssr.org